कोटद्वार, रविवार
25 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 119 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पिक्चर पैलेस किंक्रेग मार्ग पर लगातार पहाड़ी से गिर रहे बोल्डर और पत्थर

देहरादून। पिक्चर पैलेस किंक्रेग रोड पर अलवर हाउस की ओर से लगातार भूस्खलन सक्रिय हो गया। यहां मुख्य मार्ग पर मलबा और बोल्डर आ रहे हैं, जिसके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पिछले दिनों बरसात में इस क्षेत्र में भारी मात्रा में मलबा आ गया था, जिसके कारण रोड बंद हो गई थी। लोक निर्माण विभाग ने मलबा हटाकर यातायात चालू कर दिया। लेकिन अब यहां लगातार बड़े बोल्डर, पुश्ते के पत्थर गिर रहे हैं। जिसके कारण रोड पर चलने वाले लोगों, वाहनों और आसपास के भवनों को भी खतरा पैदा हो है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल ने बताया कि जायसवाल स्टेट के उपर अलवर हाउस हैं जहा से लगातार भूस्खलन हो रहा है। यहां पुश्ते के साथ ही एक बड़ा हिस्सा लगातार धंस रहा है। इससे यहां बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में मसूरी वन प्रभाग के डीएफओ को अवगत करा दिया गया है।

### नौगांव के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

उत्तरकाशी। नौगांव के बर्नीगाड से कुछ दूरी पर स्थित चामी के एक होटल में काम करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार सुबह मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद युवक की मौत का कारण हार्टअटैक बताया गया है। लेकिन परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस व प्रशासन से मामले की जांच की मांग उठाई है और शव को उठाने से मना कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की एसआईटी जांच करवाई जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह को भटवाड़ी ब्लॉक के भंकोली निवासी 33 वर्षीय राजेंद्र पुत्र स्व. श्रीपति लाल होटल में दर्द से तड़प रहा था। होटल कर्मियों ने इसकी सूचना तत्काल परिजनों को दी। परिजनों से पहुंचने तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव को परिजन जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए ले आए। डॉक्टरों के पैनल ने शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक का जिक्र किया। लेकिन परिजनों का आरोप है कि युवक का सिर फटा था और खून निकल रहा था। आरोप लगाया कि होटल में सीसीटीवी कैमरे खराब बताए जा रहे हैं। उन्होंने युवक की हत्या की आशंका जताई है। इसको लेकर सुबह से परिजन व ग्रामीण अस्पताल में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर डटे रहे। इसके बाद शाम को ग्रामीण डीएम व एसपी से भी मिले। ग्रामीणों ने शनिवार देर शाम तक शव का दाह संस्कार नहीं किया था। दूसरी ओर एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि मामले की जांच को स्पेशल टीम का गठन किया गया है जोकि इस घटना की जांच करेगी।

### सीएम आवास जा रहे योग प्रशिक्षितों को रोका

देहरादून। नियुक्ति सहित कई मांगों को लेकर शनिवार को सीएम आवास कूच करने वाले योग प्रशिक्षित बेरोजगारों को पुलिस ने कनक चौक पर ही रोक लिया। जिस पर बेरोजगारों और पुलिस के बी काफी नोंकझोंक व धक्का मुक्की भी हुई। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। जिस पर वे वहीं बैठकर धरना देने लगे। बाद में उन्हें सचिव से वार्ता का आशवासन देकर हटाया गया।

योग प्रशिक्षित बेरोजगार महासंघ के बैनर तले बड़ी संख्या में बेरोजगार करीब साढ़े बारह बजे परेड ग्राउंड में एकत्र हुए। जहां से वे नारेबाजी करते हुए कनक चौक से राजपुर रोड की ओर निकले। लेकिन उनके कनक चौक पर पहुंचते ही वहां पहले से बड़ी संख्या में मौजूद पुलिस ने उन्हें वहीं रोक लिया। लेकिन वे आगे जाना चाहते थे, जिस कारण पुलिस व बेरोजगारों के बीच तीखी नोंक झोंक होने लगी।

जिस पर वहां काफी हंगामा हो गया। काफी देर तक वहां हंगामा चलता रहा। बाद में बेरोजगार सचिव से 27 अगस्त को वार्ता का आश्वासन मिलने पर शांत हुए। योग प्रशिक्षित बेरोजगार महासंघ के अध्यक्ष अमित नेगी ने कहा कि अगर जल्द ही राजकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय परिसरों एवं प्रत्येक जनपद के एक– एक राजकीय इण्टर कॉलेज में योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो योग प्रशिक्षित बेरोजगार शीघ्र ही दिल्ली के जंतर–मंतर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राम कण्डवाल, सुशील कैन्तुरा, विट्ठू वर्मा, महासंघ के उपाध्यक्ष दीपक पैन्यूली, प्रदेश महासचिव कुमार मंगलम सेमवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा,संगठन मंत्री प्रकाश चन्द्र बिजल्वाण, प्रदेश प्रवक्ता कीर्ति,डॉ. अनुपम कोठारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मोदी सरकार ने एक नई पेंशन स्कीम को दी मंजूरी



नई दिल्ली। हाल के चुनावों में विपक्ष की तरफ से नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लागू करने को मुद्दा बनाने के दांव का केंद्र सरकार ने काट खोज निकाला है। केंद्र सरकार के 23 लाख कर्मचारियों के लिए सरकार ने यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करने का फैसला किया है जो मौजूदा एनपीएस के साथ ही लागू रहेगा।

कर्मचारियों को मिलेगी सुनिश्चित राशि

यूपीएस के तहत कर्मचारियों को सुनिश्चित पेंशन, परिवार को पेंशन, सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन, पेंशन की राशि की महंगाई दर के साथ जोड़ने और सेवानिवृत्ति के समय ग्रेच्यूटी के अलावा भी एक सुनिश्चित राशि के भुगतान की व्यवस्था की गई है।

**पुरानी पेंशन स्कीम से कितना है अलग?**

एक तरह से यह पुरानी पेंशन स्कीम की तरह ही होगी, लेकिन अंतर सिर्फ इतना होगा कि ओपीएस में जहां कर्मचारियों को योगदान नहीं देना होता था, यूपीएस में एनपीएस की तर्ज पर ही 10 प्रतिशत योगदान देना होगा। यूपीएस के लिए कर्मचारियों को कोई भी अतिरिक्त योगदान नहीं देना होगा, जबकि केंद्र सरकार की तरफ से पेंशन फंड में योगदान मौजूदा 14 फीसद से बढ़ा कर 18.5 फीसद कर दिया गया है। जो साल दर साल महंगाई दर आदि के कारण बढ़ता रहेगा।

**केंद्र पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ**

इससे केंद्र पर वर्ष 2025–26 के दौरान ही 6250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। चुनावी माहौल में इसे सरकार की ओर से बड़ा राजनीतिक मोहरा भी माना जा रहा है। यूक्रेन से यात्रा के बाद शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक देर शाम को हुई जिसमें यूनीफाइड पेंशन स्कीम के बारे में फैसला किया गया।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की एक और उपलब्धि, लॉन्च किया अपना पहला रियूजेबल इब्रिड रॉकेट रुहमी– 1

चेन्नई ,भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। शनिवार को चेन्नई के थिरुविदंधई से भारत ने अपना पहला रियूजेबल हाइब्रिड रॉकेट ह्यरुहमी– 1ह्ण को लॉन्च कर दिया। हाइब्रिड रॉकेट को तमिलनाडु स्थित स्टार्ट–अप स्पेस जोन इंडिया ने मार्टिन ग्रुप के साथ मिलकर डेवलप किया है। रॉकेट को मोबाइल लॉन्चर का इस्तेमाल करके सबऑर्बिटल प्रक्षेप पथ में लॉन्च किया गया। यह 3 क्यूब सैटेलाइट और 50 पीको सैटेलाइट लेकर जा रहा है।

यह सैटेलाइट ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर शोध उद्देश्यों के लिए डेटा एकत्र करेगी। रुहीम रॉकेट एक सामान्य ईंधन आधारित हाइब्रिड मोटर और विद्युत रूप से ट्रिगर किए गए पैराशूट डिप्लॉयर से लैस है, रुहीम 100 फीयदी पायरोटेक्निक–मुक्त और 0 फीसदी टीएनटी है। मिशन रुहमी का नेतृत्व स्पेस जोन के संस्थापक आनंद मेगालिंगम द्वारा किया जा रहा है, जो इसरो सैटेलाइट सेंटर के पूर्व निदेशक डॉ. माइलस्वामी अन्नादुरई के मार्गदर्शन में है।

## देश के कई राज्यों में मौसम का कहर, तमिलनाडु में लगातार भारी बारिश

● महाराष्ट्र और बंगाल में अलर्ट जारी



दिल्ली। देश के कई राज्यों में मानसून की बारिश का दौर जारी है, कई राज्यों में बारिश के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। इसमें महाराष्ट्र के कई जिले और दक्षिण बंगाल और दक्षिण गुजरात भी शामिल हैं।मौसम का कहर देश के कई राज्यों में देखने को मिल रहा है, गुजरात के उत्तरी हिस्सों में भारी बारिश से आम जनजीवन अस्त–व्यस्त है, वहीं कोलकाता में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति है।

**दक्षिण बंगाल के जिलों में 26 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना**

मौसम विभाग ने शनिवार को बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग में चक्रवाती परिसंचरण और जोरदार मानसून के कारण दक्षिण बंगाल के कई जिलों में 26 अगस्त तक बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी। आईएमडी की तरफ से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि चक्रवाती परिसंचरण सोमवार तक क्षेत्र में कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो सकता है। मौसम कार्यालय ने कहा कि दक्षिण और उत्तर 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मिदनापुर, बांकुरा, हुगली, बीरभूम, पूर्व और पश्चिम बर्धमान जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होगी। कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने मछुआरों को 26 अगस्त तक राज्य के तट से सटे बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग में समुद्र में न जाने की सलाह दी है।शनिवार दोपहर कोलकाता में तेज बारिश के कारण मध्य और उत्तरी भाग के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिसमें मुख्य सेंट्रल एवेन्यू भी शामिल है।

## सीबीआई पूछताछ के बाद हरक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें



देहरादून। केदारनाथ उप चुनाव से ऐन पहले पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत से सीबीआई पूछताछ के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती है। हरक भी उप चुनाव के लिए संभावित दावेदारों में माने जा रहे हैं, लेकिन इस बीच उन पर सीबीआई का शिंकजा कस गया है। इसे लेकर एक बार फिर से सियासी चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। इस बीच सोशल मीडिया पर हरक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पाखरो टाइगर सफारी निर्माण से संबंधित मामले में तत्कालिन मुख्यमंत्री से लेकर प्रमुख सचिव वन की भूमिका को लेकर सवाल उठाते नजर आ रहे हैं। हालांकि हिन्दुस्तान इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। कॉर्बेट के पाखरो टाइगर सफारी निर्माण प्रकरण में सीबीआई ने तत्कालीन वन मंत्री हरक सिंह रावत से पूछता की है। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह हरक सिंह रावत ने तत्कालीन मुख्यमंत्री और ब्यूरोक्रेट्स से जुड़े ऐसे दस्तावेज सीबीआई को सौंपने का दावा किया है, जिससे उनकी संलिप्तता उजागर होगी। हरक सिंह के अनुसार, बीआई ने उन्हें 14 अगस्त को बुलाया था। इस दौरान उन्होंने सीबीआई की ओर से पूछे गए कई सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने प्रकरण से जुड़े कई दस्तावेज सीबीआई को सौंपे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट की बात भी दोहराई है।

### बारिश से डूंगाखेत में धंसी सड़क, घरों में घुसा मलबा

विकासनगर। पछुवादून, जौनसार बावर में हो रही भारी बारिश से जगह–जगह सड़कें, संपर्क मार्ग भूस्खलन की चपेट में आ रहे हैं। कई जगहों पर घरों में पानी और मलबा घुस रहा है। इससे लोगों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। शुक्रवार रात हुई भीषण बारिश से लांघा के डूंगाखेत में मंदिर के पीछे सड़क धंसने से आवाजाही ठप हो गई। लोगों के घरों में बारिश का पानी और मलबा घुसने से घरों में रखा सामान बर्बाद हो गया। स्थानीय निवासी सुरेश नौटियाल, मुकेश कुमार, प्रेम सिंह चौहान ने बताया कि जंगल से आने वाले नाले के किनारे बाढ़ सुरक्षा कार्य नहीं होने से हर बरसात में मंदिर के पीछे वाली सड़क भूस्खलन की चपेट में आ जाती है। इस बार पूरी सड़क धंस गई है। इससे इस सड़क पर दुपहिया वाहनों की आवाजाही भी मुश्किल हो गई है। इसके साथ ही कई खेतों में भी मलबा जमा होने से फसलें बर्बाद हो गई।

## सीएम धामी ने किया शिक्षा निदेशालय, ननूरखेड़ा, देहरादून में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग

### प्रदेश भर से आए 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में उत्तीर्ण 108 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को शिक्षा निदेशालय, ननूरखेड़ा, देहरादून में अमर उजाला द्वारा आयोजित ह्यमेधावी छात्र सम्मानह्ण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश भर से आए 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में उत्तीर्ण 108 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा कि की राज्य के 2871 विद्यालयों में मिड डे मील योजना के तहत बनने वाले भोजन हेतु इन विद्यालयों में दो गैस सिलेण्डर और एक चूल्हा, राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। इस पर लगभग 2 करोड़ 15 लाख का व्यय आयेगा।मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी मेधावी विद्यार्थी भविष्य के कर्णधार हैं, जो आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अपनी सर्वोच्च सेवाएं देंगे। मेधावी छात्र सम्मान जैसे कार्यक्रम छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा देश एवं राज्य का भविष्य हमारे युवाओं, विद्यार्थियों के हाथों में है। मेधावी विद्यार्थियों ने प्रतिभा से अपने परिजनों, विद्यालय, शिक्षकों एवं सरकार को भी गौरवान्वित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मान के साथ ही सभी विद्यार्थियों ने अपने जीवन में नई शुरुआत की है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके परिजनों के साथ ही गांव, जिले, राज्य की भावनाएं और उम्मीदें जुड़ गई हैं। अब परिजनों के साथ ही अपने स्कूल, जिले और राज्य का नाम रोशन करना मेधावी विद्यार्थियों का कर्तव्य और संकल्प होना चाहिए। छात्र छात्रों की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बननी चाहिए। उन्होंने कहा सम्मानित होने वाले कई विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि एवं विषम भौगोलिक परिस्थितियों से आते हैं, जो कि उनकी मेहनत और लगन का दर्शाता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 को राज्य में लागू किया गया है। देश का सामाजिक और आर्थिक विकास उसकी शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूली और उच्च शिक्षा को नए आयाम मिलेंगे, कौशल विकास से युवाओं को कार्यकुशल बनाया जाएगा। बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी।

## लैंडस्लाइड के चलते बदरीनाथ हाईवे कई जगहों पर बंद, 100 से अधिक वाहन फंसे



बदरीनाथ , वर्षा से लैंडस्लाइड के चलते बदरीनाथ हाईवे शनिवार सुबह अवरुद्ध हो गया। हाईवे खोलने के लिए एनएच व बीआरओ की टीम सुबह से जुटी है।बदरीनाथ हाईवे चमोली व नन्दप्रयाग के बीच तीन स्थानों पर मार्ग अवरूद्ध है। चोपता मोटर मार्ग पर दीवार गिरने के कारण बड़े वाहनों के लिए रास्ता अवरुद्ध है। 100 से ज्यादा वाहन के फंसे होने की खबर है।

शुक्रवार को भी हाईवे बाधित था। सुबह साढ़े दस बजे तक हाईवे से मलबा हटाकर यातायात के लिए पूरी तरह सुचारु किया गया। वहीं, नंदप्रयाग के पास हाईवे अवरुद्ध होने के चलते बदरीनाथ धाम जाने व धाम से आने वाले 700 से अधिक तीर्थयात्रियों को चमोली, पीपलकोटी, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग व गौचर सहित अन्य स्थानों पर रोका गया। प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को बिस्किट व पेयजल सामग्री उपलब्ध कराई गई। नंदप्रयाग में हाईवे अवरुद्ध होने के चलते छोटे वाहनों की आवाजाही कौठियालसैंण नंदप्रयाग मोटर मार्ग से कराई गई। सोनला के पास भारी मात्रा में मलबा व बोल्डर आने के चलते कई वाहन मलबा व बोल्डर की चपेट आने से क्षतिग्रस्त भी हुए।

कर्णप्रयाग में वर्षा व मलबा आने से शुक्रवार सुबह ऋषिकेश–बदरीनाथ राजमार्ग तीन घंटे अवरुद्ध रहा। राजमार्ग अवरूद्ध रहने से दोनों ओर दर्जनों वाहन फंस गए। सुबह नौ बजे जेसीबी से मलबे को हटाकर एनएच की टीम ने वाहनों की आवाजाही शुरू कराई। थाना प्रभारी कर्णप्रयाग डीएस रावत ने बताया सुबह पांच बजे कमेड़ा में राजमार्ग पर मलबा आने से मार्ग अवरुद्ध हुआ। कर्णप्रयाग–नैनीसैंण मोटर मार्ग पर पहाड़ी से आए मलबे से शुक्रवार को भी वाहनों का आवागमन ठप रहा। दूसरी ओर नगर क्षेत्र कर्णप्रयाग में बहुगुणानगर और मंडी परिषद परिसर भूधसाव की जद में है।

### आतंकियों का ट्रेनिंग सेंटर खोलने की तैयारी में था रांची का डॉक्टर, खतरनाक प्लानिंग जान एटीएस के भी उड़े होश

रांची ,। आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कंटिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़े होने के संदेह में झारखंड से हिरासत में लिए गए आठ संदिग्धों में से पांच की विधिवत गिरफ्तारी हो गई है। उन्हें एटीएस ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंप दिया है। शेष तीन को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। जानकारी के अनुसार बरियातू से गिरफ्तार इस आतंकी गिरोह का मास्टर माइंड डा. इश्तियाक रांची के चान्हो के जंगल में आतंकियों का प्रशिक्षण केंद्र खोलने वाला था। इसके लिए उसने जमीन भी देख ली थी, जिसमें एक मदरसा संचालक मुफ्ती उसकी मदद कर रहा था। इस प्रशिक्षण केंद्र में आतंकियों को हथियार का प्रशिक्षण दिलाया जाना था। उसके लिए हथियारों का जुटान भी किया जा रहा था। डा. इश्तियाक मुस्लिम युवाओं को बेहतर भविष्य का प्रलोभन देकर अपने जाल में फांसता था। उसने दो दर्जन से अधिक युवाओं को राजस्थान के आतंकी प्रशिक्षण केंद्र में हथियार चालन का प्रशिक्षण दिलवाया था।

## असम गैंगरेप का मुख्य आरोपी पुलिस हिरासत से भागा, तालाब में कूदने से हुई मौत



नई दिल्ली ,असम गैंगरेप के मुख्य आरोपी की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी पुलिस हिरासत से भाग गया और तालाब में कूद गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। आरोपी असम के नागांव जिले के धींग इलाके में 14 वर्षीय नाबालिग के साथ हुए सामूहिक बलात्कार में शामिल था। वह इस घटना का मुख्य अभियुक्त था। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह पुलिस उसे घटनास्थल पर क्राइम सीन को रीक्रिएट करने के लिए अपने साथ लेकर गई थी। इस दौरान वे पुलिस की हिरासत से भागकर तालाब में कूद गया। बाद में पुलिस ने उसकी मौत की पुष्टि की है।

पुलिस के अनुसार, तफज्जुल इस्लाम को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था और उसे क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए घटनास्थल पर ले जाया गया था। इसके बाद वह पुलिस हिरासत से भागकर तालाब में कूद गया।

बता दें कि 14 वर्षीय नाबालिग लडक़ी के साथ गुरुवार रात ट्यूशन सेंटर से घर लौटते समय तीन लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया था। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई, जब वह साइकिल पर स्वार होकर अपने घर जा रही थी। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने पीड़िता को मौके पर ही छोड़ दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने एक तालाब के पास लडक़ी को संदिग्ध अवस्था में देखा और इसके बाद वे उसे अपने साथ अस्पताल लेकर चले गए। वहीं, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और घटना में शामिल होने के संदेह में दो लोगों को गिरफ्तार किया। इस बीच, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होंने तत्काल प्रभाव से जांच के लिए पुलिस महानिदेशक को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिया।

## स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट केस में बिभव कुमार को राहत नहीं

### 13 सितंबर तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली , दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी है। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास गौरव गोयल ने यह आदेश देते हुए दिल्ली पुलिस को निर्देशित किया कि वे बिभव कुमार के खिलाफ दाखिल चार्जशीट के पेजों की नंबरिंग कर दें। कोर्ट को बताया गया कि बिभव कुमार की ओर से दावा किया गया था कि चार्जशीट के पन्नों पर पेज नंबर नहीं हैं, जिससे यह सुनिश्चित करना मुश्किल हो रहा था कि सभी दस्तावेज पूरे हैं या नहीं। इस पर कोर्ट ने पेजों पर नंबरिंग करने का आदेश दिया।

आज बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। बिभव कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर रखी है, जो अभी लंबित है। इससे पहले, 12 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। कोर्ट ने यह भी आशंका जताई कि यदि बिभव कुमार को जमानत दी जाती है, तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है।

### नीतीश कुमार की जदयू का बड़ा फैसला

पटना ,बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पार्टी ने प्रदेश कमेटी और राजनीतिक सलाहकार समिति को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। इस संबंध में आदेश पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा जारी किया गया है। जदयू ने इस आदेश पत्र को अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर साझा किया है।

आदेश पत्र के अनुसार, जदयू की प्रदेश कमेटी और प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति को भंग करने का निर्णय उमेश सिंह कुशवाहा के निर्देश पर लिया गया है। बता दें कि जदयू संगठन को लेकर अभी अहम फैसले ले रही है। शुक्रवार को जदयू ने 29 राज्यों में प्रभारी नियुक्त किए हैं।

## जोशीमठ में भारी बारिश के बाद पगनो गांव में भूस्खलन, लोगों की परेशानी बढ़ी



जोशीमठ ,पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की समस्या आए दिन बनी रहती है। हालात ये हो जाते हैं कि इसके कारण जानमाल का भी काफी नुकसान होता है। ताजा मामला उत्तराखंड के जोशीमठ का है। जोशीमठ ब्लॉक के पगनो गांव के लोग फिर एक बार भूस्खलन की समस्या के कारण अपना घर बार छोड़ने के लिए मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार, पगनो गांव पिछले साल अगस्त माह से लगातार दरार और भूस्खलन का दंश झेल रहा है। अब भारी बारिश के कारण यहां भूस्खलन की समस्या और भी बढ़ गई है। उंची चोटियों से पत्थर गिरकर पगनो गांव में आ जाते हैं और इस वजह से घरों को जाने वाले रास्ते भी बंद हो जाते हैं। यही नहीं, मलबे के साथ जहरीले सांप और बिच्छू भी ग्रामीणों के घरों तक पहुंच जाते हैं, जिस कारण ग्रामीणों की जान का खतरा और भी बढ़ जाता है।

ग्रामीण ने बताया कि शुक्रवार रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद एक बार फिर से पगनो गांव में भूस्खलन हुआ। पहाड़ों से गिरा मलबा पगनो गांव में मौजूद घरों पर आकर गिरा है, जिससे उनके घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, भूस्खलन की समस्या यहां लगातार बनी रहती है। इस कारण पूरे गांव को डर के साये में अपनी रात काटनी पड़ती है। यही नहीं, प्रशासन की ओर से भी ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम भी नहीं उठाए गए हैं। लैंडस्लाइड के बाद पूरी रात सभी लोग डरे हुए हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर हैं। पिछले महीने, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने उत्तराखंड सरकार को चमोली जिले में स्थित जोशीमठ में भूमि धंसने और दरारों की समस्या के समाधान के लिए की गई कार्रवाई पर एक हलफनामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।

## चुनाव में हार–जीत से आंदोलन समाप्त नहीं हुआ

**अवधेश कुमार**

राहुल गांधी द्वारा हाल में लोक सभा के अंदर और बाहर दिए जा रहे कुछ वक्तव्यों का गहराई से विश्लेषण करने की आवश्यकता है। लोक सभा में उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए हिन्दू शब्द की अपने अनुसार व्याख्या की तो गुजरात के राजकोट में कहा कि आडवाणी जी ने जो अयोध्या आंदोलन आरंभ किया उसे आईएनडीआईए ने हरा दिया है। लोक सभा में उन्होंने कहा कि जो लोग हिन्दू–हिन्दू करते हैं, वो 24 घंटे हिंसा–हिंसा, नफरत–नफरत करते हैं। बाद में उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी पूरा हिन्दू समाज नहीं हैं, भाजपा पूरा हिन्दू समाज नहीं है, संघ पूरा हिन्दू समाज नहीं है।

राजकोट और लोक सभा के दोनों बयान अलग–अलग दिखाई दे सकते हैं, पर हैं दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए और कई मायनों में उससे ज्यादा डरावने जितना हमने पहली दृष्टि में महसूस किया। राहुल गांधी के रणनीतिकार और सलाहकार उन्हें समझा रहे हैं कि संघ, भाजपा और मोदी के वैचारिक व निजी विरोध के तीखे तेवर और हमलावर वक्तव्यों से कांग्रेस को चुनाव में लाभ मिला है, इसलिए आगे और तीखा व हमलावर बनना है। किंतु हिन्दू, हिन्दुत्व और राम जन्मभूमि आंदोलन न दलीय राजनीति का विषय है, और न केवल भाजपा का। क्या फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार की पराजय अयोध्या आंदोलन की पराजय है?

राहुल के सलाहकारों, रणनीतिकारों को या तो अयोध्या आंदोलन और उसके महत्त्व का ज्ञान और अहसास नहीं है, या वो राजनीतिक लाभ के लिए इसे अत्यंत छोटा और भाजपा तक सीमित करने की कुत्सित रणनीति पर चल रहे हैं। न अयोध्या आंदोलन लालकृष्ण आडवाणी ने आरंभ किया और न ही उनके बैठ जाने से यह समाप्त हुआ। सही है कि राजनीति में भाजपा ने ही अयोध्या आंदोलन में एक समय पूरी शक्ति लगाई। 6 दिसम्बर, 1992 के बाद उसकी तीन राज्य सरकारें बर्खास्त हो गई। भाजपा ने 1988 के पालमपुर अधिवेशन में अयोध्या आंदोलन को प्रस्ताव में शामिल किया। उच्चतम न्यायालय के फैसले में भी स्पष्ट है कि यह आंदोलन अंग्रेजों के समय और उसके पहले भी था तथा आजादी के बाद न्यायिक सहित कई स्तरों पर लड़ाई चलती रही। भाजपा ने तय किया कि आंदोलन को धार देने के लिए हमें प्रमुख कार्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए और इसी कारण सोमनाथ से अयोध्या तक आडवाणी जी की रथ यात्रा निश्चित हुई। आडवाणी जी ने 6 दिसम्बर, 1992 के बाबरी विध्वंस के बाद इंडियन एक्सप्रेस में लिखे अपने लेख में इसे जीवन का सबसे दुखद दिन कहा था। उसके बाद वे आंदोलन में सक्रिय नहीं दिखे। क्या इससे बाबरी मस्जिद की जगह श्रीराम मंदिर निर्माण का आंदोलन खत्म हो गया? विपक्ष की रणनीति अयोध्या पर भाजपा के विचार और व्यवहार को परास्त साबित करने की है। फैजाबाद से जीते सपा सांसद अवधेश प्रसाद को लोक सभा में आगे बिठाकर विपक्ष भाजपा के अंदर सतत पराजय का भाव स्थापित करने के साथ आम लोगों के जेहन में भी इसे बनाए रखने की रणनीति अपना रहा है। अयोध्या आंदोलन केवल मंदिर निर्माण का आंदोलन नहीं था। भारत सहित संपूर्ण विश्व के हिन्दू समाज को सांस्कृतिक रूप से पुनर्जागृत करने, प्रखर करने और भविष्य में मानवता का नेतृत्व करने की दृष्टि से उसके मानसिक निर्माण का आंदोलन था। यह प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। बावजूद हम देख सकते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में संपूर्ण विश्व का हिन्दू अपने धर्म–सभ्यता–संस्कृति, आचार–विचार को लेकर पहले से ज्यादा मुखर और आवश्यकता पडने़ पर आक्रमक हुआ है। इसका असर भारत के साथ उन सारे देशों में है, जहां–जहां हिन्दुओं की ठीकठाक संख्या है। इसके विरोधियों की कोशिश है कि उनके अंदर किसी तरह हीन ग्रंथि पैदा करो। अंग्रेजों ने इतिहास, समाजशास्त्र तथा सभ्यता की व्याख्याओं से हिन्दू समाज के अंदर यही हीन ग्रंथि पैदा की थी जो अभी तक खत्म नहीं हुई है।

राहुल की संसद में कही गई बात या अयोध्या आंदोलन को हराने का वक्तव्य पूरे समाज को फिर से हीन ग्रंथि का शिकार बनाने की कोशिश है। वैसे राहुल और उनके रणनीतिकारों की समझ अयोध्या आंदोलन के बारे में अत्यंत सतही है। 1528 ईस्वीं में मीर बाकी द्वारा श्रीराम मंदिर को तोडने़ के साथ ही देश, काल और परिस्थिति के अनुरूप विरोध और संघर्ष आरंभ हो गया था जो अंग्रेजों के शासनकाल में और आजादी के बाद भी जारी रहा। मंदिर मुक्ति का संघर्ष अत्यंत लंबा है जिसमें सिखों का भी योगदान है। बैरागियों, रामानंदी संप्रदाय से लेकर वैष्णव पंथ के अनेक संतों ने इस आंदोलन में भाग लिया। 1857 की क्रांति के समय बैरागियों और साधु–संतों ने मस्जिद की दीवार पर श्रीराम, सीताराम लिखा और बगल में चबूतरा बना कर उस पर पूजा तक आरंभ की। प्रश्न है कि क्या आईएनडीआईए ने एक संसदीय चुनाव में विजय प्राप्त कर पूरे आंदोलन को परास्त कर दिया? वैसे अयोध्या नाम का लोक सभा क्षेत्र नहीं है। फैजाबाद लोक सभा क्षेत्र है जहां भाजपा के उम्मीदवार को करीब 4 लाख 99 हजार 522 एवं सपा को 5 लाख 54 हजार 289 वोट मिले। 54 हजार 567 मतों की विजय को क्या पूरे आंदोलन की पराजय मान लिया जाए? दूसरे, अयोध्या में मंदिर निर्माण का आंदोलन अयोध्या तक सीमित नहीं था। पूरे देश में आंदोलन चला। यह एक जिले का सीमित आंदोलन नहीं था। व्यापक लक्ष्यों वाला भौगोलिक दृष्टि से भी व्यापक क्षेत्रों तक विस्तारित आंदोलन था।

सच है कि हिन्दुओं का समर्थन भाजपा को अयोध्या के कारण बढ़ना आरंभ हुआ पर 6 दिसम्बर, 1992 के बाद लंबे समय तक भाजपा द्वारा इसके पक्ष में बड़ा आंदोलन न किए जाने तथा अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनने के बाद राम मंदिर पर कोई ठोस पहल न होने से उनकी अपनी ही पार्टी नहीं, संगठन परिवार और देश भर के समर्थकों के अंदर नाराजगी पैदा हुई। वाजपेयी सरकार की 2004 में पराजय के पीछे यह बड़ा कारण था। उस समय भी फैजाबाद से भाजपा के उम्मीदवार पराजित हो गए थे तो क्या उससे अयोध्या आंदोलन ही परास्त हो गया? चुनाव में हार–जीत से किसी आंदोलन के समर्थन या विरोध का मूल्यांकन अपने आप में दोषपूर्ण है।

# भारतीय कृषि का अमृतकाल

**शिवराज सिंह चौहान**

कृषि विकास और किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अन्न के माध्यम से हमारे जीवन संचालन के सूत्रधार अन्नदाता के जीवन में सुख–समृद्धि लाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। किसान की आय बढ़ाने के लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इसके अहम पहलू हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सबसे जरूरी हैं अच्छे बीज, जो कम पानी और विपरीत मौसम में भी बेहतर उत्पादन में सक्षम हो सकें। ऐसे बीजों की 109 नई किस्मों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र और किसानों को समर्पित किया है।बीते 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नई किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किए जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा। किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढ़िया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मोदी जी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है। यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है।

**बीते 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नई किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किए जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा। किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढ़िया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मोदी जी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है। यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है। जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की 109 नई किस्में जारी की गई हैं। इनमें खेती की 69 किस्में और बागवानी की 40 किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गई हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है।**

जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की 109 नई किस्में जारी की गई हैं। इनमें खेती की 69 किस्में और बागवानी की 40 किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गई हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है।हमारा संकल्प है कि किसान के परिश्रम का उचित मूल्यांकन हो और उन्हें फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में है और उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ भारत की चिंता भी रही है कि मानव शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित उत्पादन हो। आज भारत नई हरित क्रांति का साक्षी बन रहा है। हमारे अन्नदाता ऊर्जादाता तथा ईंधनदाता भी बन रहे हैं। मोदी जी के प्रयासों से खेती के साथ ही पशुपालन, मधुमक्खी पालन, औषधीय खेती, फूलों–फलों की खेती सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों को सशक्त बनाया जा रहा है।पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में कृषि और किसान रहे ही नहीं। जबकि मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्ष 2013–14 में कृषि मंत्रालय का बजट 27 हजार 663 करोड़ रुपये था जो 2024–25 में बढक़र 1 लाख 32 हजार 470 करोड़ रुपये हो गया है। यह बजट सिर्फ कृषि विभाग का है। कृषि से संबद्ध क्षेत्रों और फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए अलग बजट है। मोदी सरकार किसानों को यूरिया और डीएपी सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रही है। यूरिया पर सरकार किसानों को करीब 2,100 रुपये सब्सिडी जबकि डीएपी के एक बैग पर 1083 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसान स्वावलंबी और सशक्त हुआ है। फसलों के नुकसान पर भी फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच है।

मोदी सरकार में किसान को सशक्त बनाने के लिए बीज से लेकर बाजार तक हर वह फैसला लिया, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। उनकी मुश्किलें कम करे और मुनाफा बढ़ाए। इसी कड़ी में एक लाख करोड़ रुपये की एग्री इन्फ्रा फंड के जरिये कृषि से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। पूरे देश में 700 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र किसान और विज्ञान को जोड़ रहे हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिये टेक्नोलाजी से दूरदराज की हमारी माताओं–बहनों को भी जोड़ा जा रहा है। कृषि सखियों को प्रशिक्षण देने के पहले चरण में अब तक 35 हजार कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

मोदी जी का विजन है कि भारत कृषि में आत्मनिर्भर बने। इस दिशा में भी रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में हम 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 100 निर्यात केंद्रित बागवानी क्लस्टर बनाएंगे। किसानों के लिए मंडी तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए 1500 से अधिक मंडियों का एकीकरण किया जाएगा। साथ ही 6,800 करोड़ रुपये की लागत से तिलहन मिशन की शुरुआत कर रहे हैं। सब्जी उत्पादन क्लस्टर बनाने की भी तैयारी है। इससे छोटे किसानों को सब्जियों–फल और अन्य उपज के लिए नए बाजार और बेहतर दाम मिलेंगे। सरकार ने यह संकल्प भी लिया है कि दलहन फसलों में तुअर, उड़द और मसूर की पूरी खरीद एमएसपी पर की जाएगी। यजुर्वेद में उल्लिखित है 'अन्नानां पतये नमः क्षेत्राणां पतये नमः' अर्थात अन्न के स्वामी और खेतों के स्वामी अन्नदाताओं को नमन। कृषि पराशर में भी उल्लेख है – अन्न ही प्राण है, अन्न ही बल है एवं अन्न ही समस्त प्रयोजनों का साधन है। किसानों के बिना इस देश का अस्तित्व ही अधूरा है।

## पश्चिम बंगाल का निर्भया काण्ड

**अजय दीक्षित**

लगभग दस–बारह दिन बीत गये जबकि कोलकाता के एक अस्पताल में रात के वक्त एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार हुआ और उसकी वीभत्स तरीके से हत्या कर दी गई । कोलकाता की पुलिस व प्रशासन को जिस तेजी, फुर्ती, और तत्परता से छानवीन कर सुबह ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेना चाहिए था, ऐसा नहीं हुआ । बहुत साल पहले दिल्ली में एक बालिका के साथ बलात्कार हुआ था और बाद में उसकी हत्या कर दी गई थी । उसके बाद उसे निर्भया काण्ड नाम दिया गया और महिलाओं और विशेष कर बालिकाओं के साथ होने वाले दुराचार पर सख्त कार्रवाई की योजना की गई थी । दुर्भाग्य है कि उसके बाद भी राज्य सरकारें नहीं चेती । उत्तर प्रदेश में हाथरस काण्ड हुआ अन्य राज्यों में भी ऐसे काण्ड होते रहे । राजनैतिक दल एक दूसरे पर आरोप लगाकर अपनी राजनीति चमकाते रहे हैं ।

अब कल ही ममता बैनर्जी ने मार्च निकालकर कोलकाता काण्ड के आरोपी को फांसी देने की मांग की है । बीजेपी इसे ममता सरकार की विफलता मान रही है । कांग्रेस के अधीर रंजन भी पश्चिम बंगाल से आते हैं । वे अभी तक लोकसभा में विपक्ष के नेता थे, ऑफीशियली नहीं । क्योंकि पिछली दो लोकसभाओं में कांग्रेस को कुल सांसदों का दस प्रतिशत भी नहीं मिला था । तो भी अधीर रंजन ही उन बैठकों में भाग लेते थे जहां विपक्ष के नेता एक सदस्य होते हैं । इस बार अधीर रंजन चौधरी चुनाव हार गये । यूं भी कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का पश्चिम बंगाल में परस्पर विरोध है । वहां इण्डिया गठबंधन नहीं कर रहा है ।

कोलकाता हाईकोर्ट ने भी पश्चिम बंगाल की सरकार को फटकार लगाई है कि उसने जांच ठीक से नहीं की । असल में ममता बैनर्जी को यह केस उसी दिन सी.बी.आई. को सौंप देना चाहिए था, परन्तु ममता बैनर्जी ने पुलिस को एक हफ्ते का समय दे दिया ।

अब इस काण्ड को लेकर देशभर की रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं । पूरे देश में अस्पतालों में ओ.पी.डी. बन्द हैं । मरीज परेशान हो रहे हैं । हर एक प्राइवेट डॉक्टर की फीस नहीं भर सकता ।

असल में कोलकाता के अस्पताल के प्रशासन की सरासर गलती है । रात को जो भी सीनियर स्टाफ है, प्रिंसिपल या उसके प्रतिनिधि को रात भर अस्पताल में क्या हो रहा है, उसकी जानकारी होनी चाहिए । फिर उस दिन रात को तो प्रिंसिपल भी मौजूद थे ।

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से पता चला है कि इस बलात्कार काण्ड में एक अकेला व्यक्ति नहीं था । कम से कम चार या पांच लोग शामिल थे । क्योंकि उनके वीर्य पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में मिले हैं । बलात्कार के साथ–साथ उक्त महिला डॉक्टर के साथ मारपीट भी की गई । उसके निशान भी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में हैं ।

प्रिंसिपल ने उसी दिन इस्तीफा दे दिया और चार घण्टे के अन्दर उसे राज्य सरकार ने दूसरे कॉलेज का प्रिंसिपल बना दिया । यह सही है न केवल पश्चिम बंगाल पर सभी राज्यों में ऐसी घटनाएं होती रहती हैं । परन्तु ममता बैनर्जी की सबसे बड़ी गलती यह है कि इस काण्ड के बाद तुरन्त कार्यवाही नहीं की गई बल्कि लीपा–पोती की गई ! इसका क्या कारण है? क्या बलात्कारी टी.एम.सी. से जुड़ा है ? ऐसे भ्रष्टाचारी को पार्टी में जगह क्यों दी गई ।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने भी ममता बैनर्जी पर सवाल उठाये हैं । असल में सारा हिन्दुस्तान इसको ममता बैनर्जी की नाकामी मानता है । अभी भी समय है केन्द्र सरकार ऐसे बलात्कार के मामलों में चौबीस घण्टे में तहकीकात करके अगले दिन ही उसे फांसी के तख्ते पर चढ़ा दे । सभी देश की महिलाएं अपने को सुरक्षित मानेंगी । मोदीजी ने 15 अगस्त को लाल किले से जो भाषण दिया है, उसे आशा जगती है कि केन्द्र सरकार तुरन्त अध्यादेश लाकर ऐसे मामलों का 24 घण्टे में निपटारा करके, अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा या फांसी दे दे जिसे सभी टी.वी. चैनल दिखलाये ।

# डिजिटल मोड जनता की पहली पसंद

**अमित भनोट**

आज हम एक ऐसे देश में रह रहे हैं जहां चाय, ब्रेड, दूध आदि जैसे रोजमर्रा के खचरे और खरीदारी के लिए डिजिटल मोड जनता की पहली पसंद बन चुका है। अमेजॉन के एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि ऑनलाइन खरीदारी के लिए जहां 90 प्रतिशत भुगतान डिजिटली किया जा रहा है वहीं स्टोर्स में भी डिजिटल भुगतान 50 प्रतिशत जनता की पहली पसंद बन गया है।

देश में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर पहलू को न सिर्फ छुआ है, बल्कि बदल कर रख दिया है। ऐसे में जब हम ऐसी खबरें सुनते हैं कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा परिषदीय स्कूलों में लागू की गई डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था का प्रदेश के शिक्षकों द्वारा यह कहते हुए विरोध हो रहा है कि यह 'अव्यावहारिक' है, तो निश्चिय ही आश्चर्य होता है। कोई बड़ी बात नहीं कि विरोध कर रहे शिक्षकों के मोबाइल में भुगतान करने के लिए 'भीम एप', मनोरंजन के लिए ओटीटी ऐप, खाना ऑर्डर करने के लिए 'डिलीवरी एप', खरीदारी के लिए भी विभिन्न ऐप पहले से ही मौजूद हों। ऐसे में सिर्फ डिजिटल अटेंडेंस का विरोध करना खुद ही व्यावहारिक नहीं लगता। योगी सरकार ने 8 जुलाई से सभी परिषदीय स्कूलों में मौजूद सभी 12 रजिस्टरों को डिजिटल करने का फैसला लिया है, और सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इसे सख्ती से लागू करवाने का निर्देश दिया है।

इन्हीं रजिस्टरों में शिक्षकों की अटेंडेंस का रजिस्टर भी शामिल है, जिसमें फेस रिकग्निशन के जरिए स्कूल परिसर में ही स्कूल खुलने और बंद होने के 15 मिनट पहले और बाद में हर शिक्षक को अपनी उपस्थिति टैब के जरिए डिजिटली दर्ज करानी है।नई व्यवस्था के विरोध को देखते हुए प्रदेश सरकार ने इसमें 30 मिनट का ग्रेस टाइम भी दे दिया है। इसी व्यवस्था का विरोध यह कहते हुए हो रहा है कि इसमें व्यावहारिक दिक्कतें हैं, वहीं बरसात में मौसम और आकस्मिक स्थिति में शिक्षक द्वारा इस व्यवस्था का अनुसरण करना संभव नहीं होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह विरोध सिर्फ इसलिए है कि इसमें कुछ दिक्कतें आएंगी या फिर किसी और चीज की पर्दादारी है। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। एक ओर तो प्रदेश के 133035 प्राथमिक, कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी हमेशा ही बनी रहती है वहीं जो शिक्षक हैं भी, उनमें से कई, स्कूलों में नहीं आते हैं, या सिर्फ एक बार रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज कर, निकल लेने की फिराक में रहते हैं।

राज्य के शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2022–23 में प्रदेश में कुल 453594 शिक्षक थे जबकि 126028 पद रिक्त हैं, ऐसे में यदि मौजूद शिक्षक भी विद्यालय न आएं तो शिक्षा की स्थिति समझी जा सकती है। यह सीधे–सीधे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यदि हमें प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद करनी है तो सरकार को व्यवस्था में अमूलचूल परिवर्तन करने होंगे। डिजिटल रजिस्टर उसी दिशा में उठाया गया कदम जान पड़ता है। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोग के लिए 2,09,863 टेबलेट्स उपलब्ध कराए गए हैं। परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए टेबलेट उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया जारी है। निर्देशों के अनुसार समस्त अध्यापक 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक आगमन उपस्थिति प्रातः 7.45 से 8 बजे तक और प्रस्थान दोपहर 2.15 से 2.30 बजे तक लगाएंगे। एक अक्टूबर से 31 मार्च तक आगमन उपस्थिति सुबह 8.45 बजे से सुबह नौ बजे तक और प्रस्थान उपस्थिति 3.15 बजे से 3.30 बजे तक दर्ज कर सकेंगे। एक प्रश्न हमें और शिक्षकों को खुद से भी पूछना चाहिए। यदि पुरानी फिजिकल रजिस्टर वाली व्यवस्था दुरुस्त थी तो प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा की स्थिति ऐसी क्यों है? 2023–24 में 2022–23 की तुलना में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में छात्रों की संख्या में 24 लाख से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जो चौंकाने वाला आंकड़ा है। 2023–24 में इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 16784645 थी जो पिछली बार से 24 लाख कम है। यह तब है जब कोरोना काल में घटती आमदनी के चलते सरकारी स्कूलों में छात्रों का पंजीकरण खासा बढ़ा था। घटती संख्या के पीछे मुख्य कारण यह भी है कि शिक्षक पढ़ाने आते ही नहीं। ऐसे में डिजिटल अटेंडेंस की व्यवस्था इसमें अपेक्षित सुधार ला सकती है। डिजिटल व्यवस्था के विरोध में एक बात और कही जा रही है कि यह ऐप कई बार शिक्षक की लोकेशन स्कूल से अलग कहीं और दिखाता है। डिजिटल दुनिया में शुरुआती समय में कई बार ऐसा होता है लेकिन यह कमी किसी भी ऐप में समय के साथ ठीक की जा सकती है, लेकिन इसके लिए पूरी व्यवस्था को अव्यावहारिक कह कर नकार देना कतई सही नहीं है। सॉफटवेयर और हार्डवेयर, दोनों स्तरों में लगातार सुधार जारी हैं, वहीं जरूरत के अनुसार नियमों में रियायतें भी दी जा रही हैं। आधे घंटे का 'ग्रेस' इसी दिशा में उठाया गया कदम है।

## तेलुगू वर्जन में मुफासा की आवाज बनकर दहाड़ेंगे महेश बाबू, 26 अगस्त को रिलीज होगा ट्रेलर

साउथ सुपरस्टार महेश बाबू को आगामी डिज्नी फिल्म मुफासाः द लॉयन किंग की टीम में शामिल हो गए हैं. फिल्म के हिंदी वर्जन में जहां बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान मुफासा की आवाज बने है, वहीं तेलुगू वर्जन में मुफासा के लिए महेश बाबू को आवाज देने के लिए चुना गया है. डिज्नी इंडिया ने इस खबर की पुष्टि की है. साथ ही मुफासाः द लॉयन किंग के तेलुगू वर्जन के बारे में भी अपडेट दिया गया है.



वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज इंडिया ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर मुफासाः द लॉयन किंग के तेलुगू वर्जन के बारे में अपडेट साझा किया है. मेकर्स ने मुफासा का तेलुगू वर्जन में पोस्टर पोस्ट किया है. इस उन्होंने महेश बाबू की तस्वीर के साथ जोड़ा है.पोस्टर साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, जंगल लाइफ के सुप्रीम किंग को जीवंत करना. सुपरस्टार महेश को तेलुगू में मुफासा की आवाज के रूप में पेश करने के लिए एक्साइटेड हूं. सोमवार को रिलीज होने वाला तेलुगू ट्रेलर देखें मुफासाः द लायन किंग. बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान फिल्म के हिंदी वर्जन के लिए मुफासा की आवाज देंगे, जबकि आर्यन खान सिम्बा की आवाज देंगे और अबराम खान युवा मुफासा की आवाज देंगे.

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने मुफासाः द लॉयन किंग के तेलुगू वर्जन के ट्रेलर के बारे में बताया है. तरण के मुताबिक, मुफासाः द लॉयन किंग का तेलुगू ट्रेलर 26 अगस्त 2024 को सुबह 11.07 बजे लॉन्च किया जाएगा. फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर 20 दिसंबर 2024 को चार भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगू में सिनेमाघरों में आ रही है.

### फिल्म खेल खेल में की दैनिक कमाई में गिरावट जारी

अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान, एमी विर्क, प्रज्ञा जायसवाल और आदित्य सील जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म खेल खेल में शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई कर रही है।पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म की दैनिक कमाई में उतार–चढ़ाव जारी है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म का कारोबार लगातार घटता जा रहा है।आइए जानते हैं छठे दिन खेल खेल में का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, खेल खेल में ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी मंगलवार को 1.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.15 करोड़ रुपये हो गया है।खेल खेल में के निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है।

## भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने लिया क्रिकेट से सन्यास, साझा किया वीडियो

नईदिल्ली, भारत के क्रिकेट खिलाड़ी शिखर धवन ने क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसकी घोषणा उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर की।उन्होंने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय और घरेलु क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं।वीडियो में इस बल्लेबाज ने अपने परिवार, अपने बचपन के कोच, भारतीय टीम और भारतीय क्रिकेट बोर्ड का धन्यवाद किया है।बता दें, धवन भारत के लिए आखिरी बार दिसंबर, 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलते नजर आए थे।



धवन ने कहा, मेरी हमेशा एक ही मंजिल थी, भारत के लिए खेलना, और वो हुआ भी। जिसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रगुजार हूं। सबसे पहले मेरी फैमिली, मेरे बचपन के कोच तारक सिन्हा और मदन शर्मा जी। फिर मेरी टीम जिसके साथ मैंने सालों तक खेला।उन्होंने कहा, जैसे कहते हैं कि कहानी में आगे बढने़ के लिए पन्ने पलटने पड़ते हैं। मैं भी ऐसा कर रहा हूं। मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। धवन ने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले।टेस्ट में उन्होंने 40.61 की औसत से 2,315 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 शतक और 5 अर्धशतक निकले। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 190 रन रहा।वनडे में इस खिलाड़ी ने 167 मैच की 164 पारियों में 17 शतक और 39 अर्धशतक के साथ 6,793 रन बनाए। उनकी औसत 44.11 की रही है।टी–20 में उनके नाम 68 मैच में 27.92 की औसत से 1,759 रन हैं। भारतीय टीम ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में साल 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन धवन ने ही बनाए थे।उनके बल्ले से 5 मैच की 5 पारियों में 90.75 की औसत से 363 रन निकले थे।

## पड़ गए पंगे का धमाकेदार फर्स्ट लुक पोस्टर जारी, 30 अगस्त को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अगस्त के महीने में बॉक्स ऑफिस पर बहार है। सावन का महीना है और त्योहार का भी मौसम है, तो दर्शकों के पास मनोरंजन के भी भरपूर मौके हैं। ऐसे में फिल्मों के विकल्प भी कम नहीं है। रिलीज होने वाली फिल्मों में अब एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है। इस फिल्म का नाम है– पड़ गए दंगे। एक्शन और बायोपिक फिल्मों के बीच यह एक कॉमेडी फिल्म है और आज इसका पोस्टर जारी किया गया है।

फिल्म पड़ गए दंगे का आज फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। पोस्टर काफी मजेदार है। फांसी का फंदा बना है, जिसका डिजाइन




झूले की तरह है। उस पर एक्टर राजेश शर्मा बैठे हैं। इस फिल्म में एक नई प्रतिभा के रूप मे समर्पण सिंह को मौका मिला है। यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, सबसे मजेदार मौत की यात्रा पड़ गए पंगे का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। इसमें फ्रेश फेस समर्पण सिंह नजर आएंगे। इनके अलावा राजेश शर्मा, राजेश यादव, राजपाल यादव, फैसल मलिक और वर्षा रेखाटे आदि नजर आएंगे। इस फिल्म को प्राची फिल्मस और उत्तर एक्शन के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन संतोष कुमार ने किया है।

इस फिल्म के पोस्टर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया आ रही है। नए अभिनेता समर्पण को यूजर्स बधाई दे रहे हैं। कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, चलो कॉमेडी फिल्म आ रही है। हंसने का मौका मिलेगा। एक यूजर ने लिखा, पोस्टर तो इतना फनी है, देखते हैं फिल्म कितना हंसाएगी।

### आईपीएल नीलामी में रोहित शर्मा को मिल सकते हैं 50 करोड़ रुपये

नईदिल्ली,इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी को लेकर बहुत बड़ी खबर सामने आई है। आईपीएल 2024 में रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने कप्तानी के पद से हटा दिया था।ऐसे में माना जा रहा है कि वह अब इस फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं।रोहित अगर नीलामी में आते हैं तो दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स 50–50 करोड़ रुपये लगा सकते हैं।दोनों टीमों ने अलग से 50–50 करोड़ रुपये रख लिए हैं। रोहित ने साल 2013 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभाली थी। आईपीएल 2024 में वह हार्दिक पांड्या की कप्तानी में खेले।कई मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया है कि दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स सिर्फ मुंबई इंडियंस की उस खबर का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें यह कहा जाए कि उन्होंने रोहित को रिलीज कर दिया है।रोहित ने मुंबई इंडियंस को 5 बार चैंपियन बनाया। इसके बावजू उनकी कप्तानी चली गई।

## पहला टेस्टः मुशफिकुर रहीम ने पाकिस्तान के खिलाफ लगाया पहला शतक

नईदिल्ली, पाकिस्तान क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में मुशफिकुर रहीम ने शानदार शतकीय पारी खेली है। यह उनके टेस्ट करियर का 11वां शतक है।उन्होंने पहली बार अपने टेस्ट करियर में पाकिस्तान के खिलाफ कोई शतकीय पारी खेली है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 91 रन था।रहीम ने बांग्लादेश की पारी को बहुत अच्छे से संभाला। ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं। रहीम ने 200 गेंदों का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। एक समय बांग्लादेश के 5 बल्लेबाज 218 रन पर पवेलियन लौट गए थे। यहां से रहीम ने पारी को संभाला।रहीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास के साथ 114 रन की साझेदारी निभाई। दास 78 गेंद में 56 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रहीम मेंहदी हसन मिराज के साथ पारी को आगे बढ़ाया।पाकिस्तान का कोई भी गेंदबाज उनके ऊपर कोई खास दबाव नहीं बना पाया। पाकिस्तान के खिलाफ रहीम ने पहला टेस्ट मैच साल 2011 में खेला खेला था। उन्होंने 7 टेस्ट मैच की 13 पारियों में 35 से ज्यादा की औसत से 400 से ज्यादा रन बनाए हैं।उनके बल्ले से 1 शतक के अलावा 2 अर्धशतक भी निकले हैं। रहीम ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाए हैं।श्रीलंका एकमात्र ऐसी टीम है, जिसके खिलाफ उनके बल्ले से 1,000 से ज्यादा रन (1,346) निकले हैं। रहीम बांग्लादेश के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 5,700 से ज्यादा रन निकले हैं।दूसरे स्थान पर तमीम इकबाल हैं, जिन्होंने 70 टेस्ट की 134 पारियों में 2 बार नाबाद रहते हुए 5,134 रन बनाए हैं। उनकी औसत 38.89 की है।रहीम 11 शतक के साथ अब बांग्लादेश के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं को बताया दान का महत्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आर्य समाज कोटद्वार में श्रवाणी एवं वेद प्रचार महोत्सव के चौथे दिन यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं को दान का महत्व बताया गया। इस दौरान श्रद्धलुओं ने ईश्वर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पंड़ित भूपेंद्र आर्य ने कहा कि ईश्वर पांच कार्य करता है। सृष्टि की रचना, पालन व वेदों का ज्ञान देना। मनुष्य को सदैव ईश्वर के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने दान का महत्व बताते हुए कहा कि सृष्टि में सूर्य चंद्रमा, बादल, पेड़-पौधे सभी दान करते हैं। पौधा अपने फलों का दान करते हैं। हमारे सांस लेने के लिए ऑक्सिजन देते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चलाने का निर्णय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री गुरु गोखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति ने आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया है। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण के साथ ही उनकी देखरेख जरूरी है।

बैठक में समिति के माध्यम से विभिन्न स्थानों में रोपे गए पौधों की निराई गुडाई करने का निर्णय लिया गया। पदमपुर स्थित कार्यालय में आरपी पंत की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समिति के माध्यम से वर्षाकाल में भैरवगढ़ी मंदिर परिसर, श्री गुरू गोरखनाथ मंदिर परिसर, ग्राम ढुंगा, श्री गुरू गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रथम चरण में सभी रोपे गए पौधों की देखभाल व निराई गुडाई की जाएगी। दूसरे चरण में फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में वनाग्नि सुरक्षा के कार्य किए जाएगें। कार्यालय प्रांगण में विलुप्त हो रहे प्रजातियों की लघु पौधशाला का निर्माण किए जाने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर सतीश शर्मा, अशोक नेगी, दिनेश घिल्डियाल, हरिपाल सिंह रावत, उमानंद बडोला, सुनील नेगी, हयात सिंह, संदीप नेगी मौजूद रहे।

### विषयों का चयन के लिए छात्रों को मिला मौका

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने सीयूईटी में सम्मलित विद्यार्थियों के मैंपिंग अनुरूप विषयों का चयन करने के लिये छात्र-छात्राओं को पंजीकरण करने का मौका दिया है। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि सीयूईटी परीक्षा में शामिल जिन छात्र-छात्राओं ने मैंपिंग अनुरूप विषयों का चयन नहीं किया है, उन छात्रों को गढ़वाल विवि ने पंजीकरण करने का मौका दिया है। बताया कि बीए, बीएससी और बीकाम के छात्र-छात्राएं 28 अगस्त तक समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। बताया कि गढ़वाल विवि से सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र बेवसाइट पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

### जन्माष्टमी पर बाजार में रौनक, स्कूल में कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सतपुली बाजार के मंदिरों की सजावट के साथ-साथ मंदिर के आसपास धार्मिक दुकानें सज चुकी है। बाजार में कान्हा की नई प्रतिमा और पोशाकें आ चुकी है। कई दुकानों में तो छोटे और बड़े बच्चे अपने कान्हा को घर लेकर जाने पहुंचने शुरु हो गए है। वहीं नई पौशेक, श्रृंगार का सामान, पंगुड़ा, विस्तर, सोफा सेट और अन्य सामग्री खरीदने पहुंच रहे है। वहीं पंचायत क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों ने बाल कृष्ण के परिधानों को पहन कर अपने-अपने स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। क्षेत्र के मॉडल पब्लिक, ग्रीन पब्लिक स्कूल व प्राथमिक विद्यालय में बच्चे कान्हा की पोशाक पहन कर पहुंचे।

### क्रिकेट में अंडर-14 में राइंकॉ चौरीखाल और अंडर-17 में राइंकॉ सुमाड़ी का रहा दबदबा

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड खिर्सू की शरदकालीन खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को क्रिकेट और बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। एनआईटी खेल मैदान में खेली गयी क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर-14 में राजकीय इंटर कालेज चौरीखाल और अंडर-17 में राजकीय इंटर कालेज सुमाड़ी का दबदबा रहा।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग में भगवती मैमोरियल स्कूल के अरमान राणा ने प्रथम, अंडर-17 में अनुराग नेगी ने प्रथम, अंडर-17 बालिका वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कालेज की हिमानी नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राएं आगामी 31 अगस्त से 4 सितंबर तक कोटद्वार में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# 27 को रिखणीखाल में चक्काजाम करने की चेतावनी

### कुछ दिन पूर्व छः वर्षीय बालक को गुलदार ने बनाया था निवाला


अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रिखणीखाल ब्लॉक के कोटा गांव में गुलदार द्वारा छह वर्षीय बालक को आंगन से उठाकर हत्या की घटना पर शनिवार को क्षेत्रवासियों और स्थानीय जन प्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है। आक्रोशित लोगों ने गुलदार को तीन दिन के भीतर नरभक्षी घोषित नहीं करने पर रिखणीखाल में चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने शनिवार को रिखणीखाल कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद रावत के नेतृत्व में तहसील का घेराव करते हुए तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि 19 अगस्त को ग्राम कोटा में 6 वर्षीय बालक के घर के आंगन से उठाने के बाद भी क्षेत्र में गुलदार की धमक बनी हुई है। गुलदार अभी भी क्षेत्र के गांवों में घूमता दिखाई दे रहा है। कहा कि पिछले 1 साल में गुलदार द्वारा मानव पर हमले की क्षेत्र में यह छठी घटना है, जिससे क्षेत्र वासियों में दहशत का माहौल है। ज्ञापन में क्षेत्र वासियों ने तीन दिनों के अंदर गुलदार को नरभक्षी घोषित करने, पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की राशि बढ़ाने, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और सभी मोटर मार्गों और पैदल रास्तों में झाड़ी कटान हेतु बजट जारी करने की मांग की है। ऐसा न होने पर 27 अगस्त को समस्त रिखणीखाल क्षेत्र में चक्का जाम और बंद की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में प्रमोद सिंह, मनोज सिंह रावत, सुनील ध्यानी, धनबीर सिंह, दिनेश सिंह, संजय सिंह, मनेंद्र सिंह और देवेन्द्र सिंह सहित अन्य स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

# अधिसूचना जारी कर पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाएं सरकार


सतपुली में आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की बैठक को संबोधित करते वक्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने अधिसूचना जारी कर पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर विकास के लिए सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की ओर से ‘एक राज्य एक पंचायत चुनाव’ को लेकर निकाली गई यात्रा शनिवार को सतपुली पहुंची। इस दौरान संगठन ने एक स्वर में पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाई। संगठन के संरक्षक जगत मार्तोलिया ने कहा कि पंचायतों का अधिकांश कार्यकाल कोरोना में ही बीत गया। जिससे कई क्षेत्रों का बेहतर विकास नहीं हो पाया है। ऐसे में सरकार को अधिसूचना लाकर पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाना चाहिए। जबकि, पर्वतीय क्षेत्र के ग्रामीण भी लगातार इसकी मांग उठा रहे हैं। विकास को ध्यान में रखते हुए पंचायतों का कार्यकाल कम से कम दो वर्ष बढ़ाया जाना चाहिए। इस मौके पर दुगड्डा ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा, जयहरीखाल ब्लॉक प्रमुख दीपक भंडारी, प्रधान संगठन के अध्यक्ष भाष्कर सम्भल, सुधीर रतूड़ी, विनोद बिजलवाण, देवेंद्र सिंह भंडारी, पंकज पोखरियाल, विजय दर्शन बिष्ट, रमेश चंद्र, सरदार सिंह, बृजमोहन बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

# आंदोलनकारियों की अनदेखी पर समिति ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की अनदेखी पर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि जन आंदोलनकारियों ने राज्य निर्माण में अपना योगदान दिया उनकी अनदेखी कर सरकार विधायकों का भत्ता बढ़ाने पर लगी हुई है।

आंदोलनकारी समिति की बैठक में नगर अध्यक्ष शमीम अब्बासी, आशाराम, मोहन लाल प्रजापति ने कहा कि कई वर्षों के आंदोलन के बाद उत्तराखंड राज्य मिला है। इसके लिए आंदोलनकारियों ने सबसे बड़ा योगदान दिया। लेकिन, सत्ता में बैठी सरकार आंदोलन करने वाले आंदोलनकारियों की अनदेखी कर रही है। भराड़ीसैंण में चल रहे मानसून सत्र के पहले ही दिन विधायकों का भत्ता बढाए जाने के विधेयक को मंजूरी दे गई है। आंदोलनकारियों ने सरकारी विभागों में नौकरियों को समाप्त करने का भी आरोप लगाया। कहा कि बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सरकार कभी भी कोई विधेयक नहीं लाई है। नगर निगम में सफाई कर्मचारी कई सालों से कार्य कर रहे है, लेकिन उनको नियमित करने के लिए काई विधेयक नहीं लाया गया है। उन्होंने आंदोलनकारियों की पेंशन बीस हजार प्रतिमाह किए जाने की भी मांग की है। कहा कि प्रदेश सरकार को बेरोजगारी दूर करने, उपनल कर्मचारियों, नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के लिए विधेयक लाना चाहिए। साथ ही सरकारी पदों पर शीघ्र नियुक्तियां किए जाने की मांग की है।–

# घर में मस्जिद निर्माण की उड़ी अफवाह, करवाया ध्वस्त


कोटद्वार के खूनीबड़ में मस्जिद निर्माण की अफवाह के बाद एकत्रित हुए महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वार्ड नंबर 27 खूनीबड़ में एक घर पर मस्जिद निर्माण की अफवाह के बाद पार्षद व स्थानीय महिलाओं ने उसे ध्वस्त करवाया। दरअसल, परिवार की ओर से घर की छत पर एक धर्म से संबंधित झंडे लगाने के साथ ही गुम्बदनुमा निर्माण करवाया जा रहा था।

खूनीबड़ क्षेत्र में एक समुदाय का परिवार पिछले कई वर्षों से निवासरत है। वार्डवासियों का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व परिवार ने घर पर एक धर्म से संबंधित झंडे लगाते हुए छत पर गुंबदनुमा आकृति का निर्माण करवाया शुरू कर दिया था। शनिवार को वार्ड की महिलाओं को जब इसका पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पूर्व पार्षद सौरभ नौडियाल व कमल नेगी को दी। पूर्व पार्षदों के साथ मौके पर पहुंची महिलाओं ने घर में रहने वाले परिवार पर उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। हंगामा बढ़ने की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पार्षद ने बताया कि वार्डवासियों के विरोध के बाद परिवार ने घर के ऊपर बन रहे गुंबदनुमा निर्माण को ध्वस्त करवाया। जिसके बाद मामला शांत हो गया।

# काश्तकारों को जांच के बाद बताई मिट्टी की कमियां



आयोजित बैठक में काश्तकारों को मिट्टी जांच का कार्ड देते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : काश्तकारों को बेहतर खेती के प्रति जागरूक करने के लिए कृषि विभाग की ओर से पश्चिमी झंडीचौड़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने काश्तकारों के खेतों की मिट्टी की जांच कर उसमें पाई गई कमियों को दूर करने के लिए जागरूक किया।

शनिवार को पश्चिमी झंडीचौड़ के पंचायत घर में काश्तकारों की बैठक आयोजित की गई। निवर्तमान पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि कुछ दिन पूर्व विभाग ने काश्तकारों के खेतों की मिट्टी लेकर उसकी जांच की थी। जिसका रिपोर्ट कार्ड काश्तकारों को उपलब्ध करवाया गया। साथ ही उन्हें उन कमियों को दूर करने के लिए भी जागरूक किया गया। ब्लाक दुगड्डा के बीटीएम शशिमोहन बिंजोला ने कहा कि काश्तकारों के खेत की मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, कार्बनिक कार्बन, सल्फर, आयरन, मैंगनीज आदि पोषक तत्वों की कमी है। कार्ड में अंकित किया गया है कि कितनी मात्रा में प्रति हेक्टेयर के हिसाब से कंपोस्ट खाद, डीएपी, यूरिया अपने खेतों में डालनी चाहिए। काश्तकारों ने सिंचाई गूल की मरम्मत नहीं होने पर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि लगातार मांग उठाने के बाद भी सिंचाई नहरों की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है। जिससे काश्तकारों को सिंचाई का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस मौके पर पंडित चंद्रमोहन, पुष्पा शाह, बलवीर रमोला, हरि सिंह रावत, वीर सिंह, लव किशोर शर्मा, उत्तम सिंह, नयन सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह चौहान, महेंद्र सिंह रावत, कल्याण सिंह रावत, जगदीश सिंह, बलराम, अनसुया देवी आदि मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 02-Q-DRM-MB-24-25 Date 23.08.2024 | 140-DRM-MB-24-25 Date 23.08.2024 | 142-DRM-MB-24-25 Date 23.08.2024 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Traffic census of level crossing gates (Lc no-371 (BE-MB), 374 (BE-MB) & 247 (AMGBLM) with artificial intelligence (AI) system comprises of various units along with detailed site report of each Level crossing in MB-AMG section. | Construction of crew and guard lobby with attached male & female toilet/washroom, waiting hall, CLI counselling room with attached toilet washroom, CCC room, SNC room and store room at PF of BLM station. | Manual Deep screening work from KM 36.922 TO 60 = 23.078 between ON-BLM in the section of SSE/P.way/ SFPR under jurisdiction of ADEN-II/HRI and other misc. works. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 02.09.2024 16:00 | 17.09.2024 16:00 | 17.09.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,62,515.20 | 73,98,853.37 | 3,05,91,737.20 |
| धरोहर राशि | 9,300.00 | 1,48,000.00 | 3,03,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 23.08.2024 | 03.09.2024 | 03.09.2024 |
| आफर की वैधता | 15 Days | 60 Days | 60 Days |
| टेण्डर कॉस्ट | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 months | 06 months | 12 months |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 23.08.2024 2628/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विद्यार्थियों ने मनाई कृष्ण जन्माष्टमी



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्राइमरी वर्ग की कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के सुंदर मनमोहक रूप धारण कर मैया यशोदा और श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी गीत पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। वहीं कक्षा 4 व 5 के विद्यार्थियों द्वारा मटकी और बांसुरी सजावट की गई। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर आधारित पेंटिंग और मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 की छात्रा अपेक्षा नेगी के एकल नृत्य प्रस्तुति व सातवीं कक्षा की छात्रा अशिता राणा के गीत ने सभी का मन मोह लिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि हमें भगवान कृष्ण के जीवन से सीख लेनी चाहिए और जीवन में आने वाले किसी भी कष्ट का डटकर सामना करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं कक्षा की छात्रा चेल्सी रावत द्वारा किया गया।

**छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां**

वहीं, पदमपुर मोटाढाक स्थित नवयुग पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम नेगी जी द्वारा, सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने, राधा कृष्ण की आकर्षक पोशाकों को धारण कर, अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान बाल गोपालों ने धार्मिक गीतों पर जमकर डांस किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी बीच मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

### किशोरी की हालत सामान्य

देहरादून। आईएसबीटी में बस के अंदर गैंगरेप पीड़िता किशोरी की हालत सामान्य बनी है। वह दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गायनी विभाग में भर्ती है और महिला रोग विशेषज्ञ उसकी निगरानी कर रही है।


## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाईसेंस में गलतीवश मेरा नाम दीपेंद्र सिंह रावत पुत्र स्व. श्री आनन्द सिंह रावत दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड व हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम दीपेंद्र रावत पुत्र आनंद सिंह दर्ज है।

**—दीपेंद्र रावत पुत्र स्व. आनंद सिंह निवासी ग्राम सीला मल्ला, पो. सेंधीखाल, तहसील लैंसडौन, पौड़ी गढ़वाल 246156 उत्तराखंड।**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID :- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 1173/20ए0सी0 दिनांक 24/08/2024

### शुद्धि पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र सं0 1082/20ए0सी0 दिनांक 13.08.2024 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें अपरिहार्य कारणों से निविदा आमंत्रित एवं खोलने के समय को निम्नानुसार परिवर्तित किया जाता है।

| पूर्व निर्धारित तिथि | | | संशोधित तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| निविदा विक्रय की तिथि | निविदा आमंत्रण तिथि | निविदा खुलने की तिथि | निविदा विक्रय तिथि | निविदा आमंत्रण तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
| दि0 20.08.2024 से दि0 29.08.2024 प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक) | दि0 30.08.2024 अपराह्न 3 बजे तक | दि0 30.08.2024 अपराह्न 3:30 बजे | दि0 27.08.2024 से 19.09.2024 (प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक) | दि0 20.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे तक | दि0 20.09.2024 अपराह्न 2:30 बजे |

शेष शर्तें यथावत रहेगीं।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी**


# नहर के स्लैब हटाने पर उक्रांद ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों ने देवी रोड में नहरों की स्लैब हटाने पर रोष व्यक्त किया है। सदस्यों ने मुख्यमंत्री से स्लैब की मरम्मत करवाने की मांग की है। डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने मुख्यमंत्री से मांग की कि एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दुगड्डा को तत्काल निर्देश दिए जाएं की कि नहर के ऊपर दोबारा से स्लैब डाला जाए या फिर सरिया के जाल बिछाए जाएं। नहर को इस ढंग से बंद किया जाय कि मच्छरों व गन्दगी से बीमारी न फैले। मलवा को तत्काल हटाया जाय। डॉ. कपरवाण ने कहा कि नहर में पूर्व की भांति बच्चों, गाय और अन्य पशुओं का गिरने का खतरा हो गया है, इसलिए भी नहर को ऊपर से पूर्ण बंद किया जाए। यूकेडी के केन्द्रीय महामंत्री सत्य प्रकाश भारद्वाज ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि जहां पर पानी रुक नहीं रहा था वहां पर भी स्लैब तोड़ दिए गये हैं। उन्होंने मांग की कि नहर के आधार को समतलीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि कहीं पर नहर 5-6 फीट गहरी है और आगे जाकर तीन-चार फीट गहरी है, इसलिए उन जगहों पर पानी रुककर बीमारियां फैलती हैं । तडियालचौक से आगे नहर के बीच बीच में बराबर समतलीकरण किया जाए।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम लालपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार के खसरा नं0-74 क खाता सं0-53 रक्वा 0.016 है0 भूमि की रजिस्ट्री जो कि बही सं0-I, जिल्द सं0- 397, पृष्ठ सं0- 143, ए0डी0 बही सं0-I, जिल्द सं0-474, पृष्ठ सं0- 305-312 दस्तावेज सं0- 2363 पर दिनांक 22-06-2013 को पंजीकृत किया गया था की मूल रजिस्ट्री वास्तव में मुझसे कहीं खो गयी है। जिसकी गुमशुदगी 23/08/2024 को थाना कोटद्वार में दर्ज करायी गयी है। मेरे द्वारा उक्त भूमि पर उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक शाखा दुर्गापुर कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल से व्यावसायिक ऋण हेतु आवेदन किया जात रहा है। यदि किसी सर्वजन को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो U.G.B शाखा दुर्गापुर कोटद्वार में या मुझे अर्जुन सिंह निवासी लालपुर, कोटद्वार से 8954820667 पर सम्पर्क करें।

**अर्जुन सिंह पुत्र श्री सुल्तान सिंह निवासी ग्राम लालपुर, पोस्ट पदमपुर सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड पौड़ी

पत्रांक 848 /दो-लेखा/निविदा सूचना/2024-25 दिनांक 24/08/2024

### ‘‘अल्पकालीन निविदा सूचना’’

उत्तराखण्ड राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न निर्माण कार्यों की मुहरबन्द निविदा अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड-पौड़ी द्वारा दिनांक 10.09.2024 के अपरान्ह 11.30 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग के प्रखण्ड पौड़ी में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन इंगित निविदा अपराह्न 12:00 बजे को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय दिनांक 27.08.2024 से दिनांक 09.09.2024 को सांय 4.00 बजे तक प्रखण्ड-पौड़ी में किया जायेगा, किन्ही अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि को अवकाश हो जाने पर मुहरबन्द निविदा अगले कार्य दिवस को प्राप्त/खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र श्रीनगर (गढ़वाल) के अन्तर्गत वि0ख0 थलीसैण में राजकीय इण्टर कालेज टीला का मरम्मत /अनुरक्षण इत्यादि कार्य। | थलीसैण | 15.92 | 48000.00 | 2000.00 +GST 18% | 09 माह | 45 दिन | भवन निर्माण श्रेणी ‘‘ई’’/ उच्च |
| 2 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र श्रीनगर (गढ़वाल) के अन्तर्गत वि0ख0 थलीसैण में राजकीय इण्टर कालेज चाकीसैण का मरम्मत /अनुरक्षण इत्यादि कार्य। | थलीसैण | 24.15 | 72500.00 | 2500.00 +GST 18% | 09 माह | 45 दिन | भवन निर्माण श्रेणी ‘‘ई’’/ उच्च |

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड पौड़ी।**

## एक नजर

### स्वास्थ्य मंत्री ने पत्नी संग श्री दरबार साहिब में मत्था टेका

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को पत्नी डॉ.दीपा रावत के साथ श्री दरबार साहिब में मत्था टेका। उन्होंने श्री दरबार साहिब के श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज से भी शिष्टाचार भेंट की और आर्शीवाद लिया। श्री दरबार साहिब पहुंचने पर उनका परंपरा अनुसार स्वागत किया गया। श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने उन्हें श्री दरबार साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान प्रदेश विभिन्न समसामयिक विषयों और स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने श्री गुरु राम राय ग्रुप के संस्थानों विशेष रूप से श्रीमहंत इंदिरेश अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं एसजीआरआर एजुकेशन मिशन के स्कूलों और एसजीआरआर विश्वविद्यालय के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की सराहना की। साथ ही आशा जताई कि भविष्य में भी संस्थान इसी तरह से जनहित के उल्लेखनीय कार्य करते रहेंगे। कहा कि राज्य सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं में श्रीमहंत इंदिरेश अस्पताल की सेवाओं का अहम योगदान है।

### अंग्रेजी काव्य लेखन के लिए डॉ. सैनी को राज्यपाल ने किया सम्मानित

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने एसजीआरआर इंटर कॉलेज सहसपुर के प्रधानाचार्य डॉ. रवींद्र कुमार सैनी को उनके अंग्रेजी काव्य लेखन के लिए राजभवन में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी राष्ट्र के प्राण उसके साहित्य में ही जीवित होते हैं। जिस प्रकार निर्जीव शरीर का कोई मूल्य नहीं होता, ठीक उसी प्रकार उत्तम साहित्य के बिना राष्ट्र का कोई मूल्य नहीं हो सकता। राज्यपाल ने डॉ. रवीन्द्र सैनी के नवीन प्रकाशित हिंदी काव्य संग्रह प्रेरणास्रोत का भी अवलोकन किया। इसके अलावा उनकी ओर से चलाए जा रहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की भी सराहना की। डॉ. सैनी ने अपने विद्यालय की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा।

### फिजियोथेरेपी माह का शुभारंभ, छात्रों को सिखाए गुर

देहरादून। नव्य भारत फाउंडेशन एवं स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ फिजीकल थेरेपी की ओर से विश्व फिजियोथेरेपी माह का आयोजन स्काई गार्डन देहरादून में किया जा रहा है। शनिवार को इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा ने किया। इसमें राष्ट्रीय स्तर की वर्कशाप के टेपिंग व ड्राइ नीडलिंग विषय पर आयोजित की गई। पीजीआई चंडीगढ के सुपरिटेंडेंट फिजीयोथेरेपिस्ट डा. बिबेक अध्या ने सभी फिजीयोथेरेपी के छात्रो को फिजीयोथेरेपी के गुर सिखाए। पीजीआई चंडीगढ के फिजीयोथेरेपीसट व एनबीएफ एवं एसएपीटी के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिरुद्ध उनियाल ने सभी का आभार जताया। 24 अगस्त से आठ सितंबर तक राष्ट्रवयापी जनजागरूकता अभियान देशभर मे आयोजित करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में डॉक्टर एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

### रिटायर्ड प्रोफेसर से केवाईसी के नाम पर 9.85 लाख ठगे

देहरादून। दून में रह रहे एक रिटायर्ड प्रोफेसर से बैंक में केवाईसी करने के नाम पर 9.85 लाख रुपये ठग लिए गए। साइबर ठग ने भारतीय स्टेट बैंक का कर्मचारी बनकर उनसे बात की और झांसे में लेकर चूना लगा दिया। पटेलनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुंठी के अनुसार डा. किशन लाल खट्टर निवासी कैपिटल हाइट्स आईटीबीपी रोड ने तहरीर दी कि वो देहरादून में अपने बेटे के साथ रहते हैं, और हिमाचल की एक यूनिवर्सिटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। उन्होंने बताया कि 02 अगस्त हो उन्हें एक नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को एसबीआई का कर्मचारी बताया। उसने पेंशन के लिए खाते की केवाईसी की बात कही। खट्टर का खाता सोलन हिमाचल प्रदेश में हैं। व्यक्ति ने उन्हें झांसे में लिया कि केवाईसी के लिए उन्हें बैंक जाने की जरूरत नहीं है, वो ऑनलाइन ही केवाईसी कर देगा।

### डोईवाला में 78 लाख की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ की एएनटीएफ टीम ने डोईवाला में शुक्रवार को एक ड्रग तस्कर को 263 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत 78 लाख रुपये बताई जा रही है।

एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि टीम को डोईवाला में एक व्यक्ति द्वारा स्मैक तस्करी की सूचना मिली थी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया।

# कृष्ण रूप सज्जा में शिवांश, प्रांजल और राधा रूप सज्जा में आरुषि रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।



थलीसैण : शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर थलीसैण में राधा, कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 43 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पेश किए कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया।

कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में शिवांश पोखरियाल, प्रांजल मैंदौलिया प्रथम, पीयूष द्वितीय एवं शिवांश ममगांई तृतीय स्थान पर रहा। राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता में आरुषि प्रथम, वंशिका द्वितीय एवं ऐंजल तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में विनीता नेगी, आरती देवी, कविता ममगांई, दीपा कंडारी, राखी देवी, संतोषी देवी, सोनम सती, कनिका पंत शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन जगदीश प्रसाद जुयाल ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिनेश सुमन काला द्वारा बच्चों को श्री कृष्ण जी के जन्म, उनके जीवन के बारे विस्तार से बताया गया। उन्होंने बच्चों को हमेशा भगवान द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी पर्व

श्रीनगर गढ़वाल : होली एंजिल स्कूल देवली कीर्तिनगर में शनिवार को जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। स्कूल में मटकी फोड आयोजित कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चे कृष्ण और राधा की पोशाक पहन कर स्कूल पहुंचे। कृष्ण बने कक्षा चार के छात्र कृष राणा ने अपने 15 साथी छात्रों की टीम के साथ मक्खन की हांडी फोड़ी। प्रधानाचार्य अजय प्रकाश जोशी ने कहा कि ऐसे उत्सव न केवल बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति व सभ्याचार से जोड़कर भी रखते हैं। मौके पर कुलदीप कुमार, विजय प्रकाश जोशी, कविता भंडारी, विजय लक्ष्मी गोदियाल, मंगला जोशी, सुधा बिष्ट, लक्ष्मी उनियाल, मंजू जोशी, प्रीति रावत, प्रियंका मिश्रा, दिव्या पैन्यूली, राज सक्सेना, पंकज कुमार, सौरभ पालीवाल, यश पैन्यूली, शशि खरबंदा, नीरु सजवाण आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# इंडक्शन कार्यक्रम में छात्रों को दी अहम जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : गोविंद बल्लभ पंत तकनीकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान घुडदौड़ी में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए शुक्रवार से इंडक्शन कार्यक्रम शुरू हो गया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को कई जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के संयोजक डा. भोला झा व डा. मनोज कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों के व्याखान व कार्यशालाएं कराई जाएंगी व छात्रों से शारीरिक गतिविधि, रचनात्मक कला और संस्कृति, सार्वभौमिक मानवीय मूल्य, कॉलेज, विभाग/शाखा से परिचय, साहित्यिक गतिविधि व उनमें निहित प्रवीणता को पहचाना जाएगा।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. वीएन काला ने बताया कि इस इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य एवं इसकी अवधारणा नए छात्रों को नए वातावरण में समायोजित करना व उनको सहज महसूस कराने में मदद करना है। उनमें संस्थान के लोकाचार व संस्कृति से अवगत कराना व उन्हें अन्य सीनियर छात्रों व शिक्षकों के साथ संबंध बनाने में मदद करना व उन्हें अपने उद्देश्य व आत्म अन्वेषण की भावना से अवगत कराना है। कार्यक्रम के तहत पहले दिन प्रसिद्ध शिक्षाविद व मोटिवेशनल स्पीकर गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष, डीन प्रो. डीएस नेगी ने छात्रों का उत्साह वर्धन कर सफलता की नई तकनीक न्यूरो भाषाई प्रोग्रामिंग (एनएलपी) एक आंतरिक इंजीनियरिंग पर ब्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि एनएलपी एक व्यावहारिक, वैज्ञानिक रूप से परीक्षित विधि है जो आपके सोचने और व्यवहार करने के तरीके को पहले से कहीं अधिक तेज़ी से और आसानी से बदल सकती है।

# सीएम धामी ने किया वृक्षारोपण




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा गैरसैंण (भराड़ीसैंण) स्थित मुख्यमंत्री आवास परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी माताजी बिशना देवी के नाम देवदार का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। हरेला पर्व से 15 अगस्त तक संपूर्ण प्रदेश में वृक्षारोपण का वृहद अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के साथ जन सहयोग भी लिया गया।विधानसभा गैरसैंण (भराड़ीसैंण) के प्रभारी शेखर पंत ने विधानसभा परिसर में 04 हजार फलदार पौधे लगाए हैं, पर्यावरण संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक अनिल नौटियाल, मदन सिंह बिष्ट, हरीश धामी, आदेश चौहान, मनोज तिवारी, विधानसभा भराड़ीसैंण के प्रभारी शेखर पंत मौजूद थे।

### यूएसनगर में नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी, एक गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने ऊधमसिंहनगर में नकली शराब की एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यहां से 25 पेटी शराब, उत्तराखंड सरकार के हजारों होलोग्राम आदि बरामद हुआ हैं। देहरादून में शनिवार को हुई प्रेसवार्ता में एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने इसका खुलासा किया। अग्रवाल ने बताया कि टीम को पिछले काफी दिनों से ऊधमसिंहनगर के काशीपुर के एक घर में नकली शराब फैक्ट्री चलने की सूचना मिल रही थी। इसपर टीम ने मकान का पता लगाया। सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के नेतृत्व में आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी की। मकान के अंदर नकली शराब बनाई जा रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जबकि अमनदीप सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी काशीपुर को टीम ने पकड़ लिया। एसएसपी ने बताया कि मकान के अंदर भारी मात्रा में गुलाब मार्का की तैयार नकली शराब, कैमिकल, कच्चा माल, नकली शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। इसके साथ ही उत्तराखंड सरकार के कूटरचित हजारों की संख्या में होलोग्राम भी मिले।

# मौसम की सटीक जानकारी और आपदा से बचाव में रिमोट सेंसिंग का महत्वपूर्ण योगदान

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में गढ़वाल विश्वविद्यालय के रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस एप्लीकेशन विभाग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल तथा इंस्टीटूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा भौतिकी विज्ञान विभाग के सभागार में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनआईटी श्रीनगर के डॉ. अखिलेश नौटियाल ने छात्रों को रिमोट सेंसिंग के विभिन्न आयामों, दैनिक जीवन में रिमोट सेंसिंग के उपयोग के बारे में बताते हुए कहा कि आजकल ऑनलाइन डिलीवरी, मौसम की सटीक जानकारी से लेकर आपदा से बचाव आदि में रिमोट सेंसिंग का बहुत योगदान है।

बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने वैज्ञानिकों की देश के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ ही विश्व कल्याण में उनके योगदान पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का रिमोट सेंसिंग विभाग आपदा प्रबंधन, फॉरेस्ट फायर, फॉरेस्ट मॉनिटरिंग के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने सभी विभागों को एक साथ मिलकर विश्वविद्यालय के हित में कार्य करने की प्रेरणा दी।

भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (आईआईआरएस देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सीएम भट्ट ने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान में विक्रम साराभाई के योगदान और इसरो तथा आईआईआरएस की स्थापना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास के विभिन्न महत्वपूर्ण मील के पत्थरों पर प्रकाश डाला और विभिन्न प्रक्षेपण यानों, लैंडर के यंत्रों, रोवर के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर गढ़वाल विवि डीन स्कूल ऑफ़ लाइफ साइंसेज प्रो. सीएम शर्मा, डीन स्कूल ऑफ़ साइंसेज के प्रो. एचसी भट्ट, डा. रामा साहू, प्रो. हेमवती नंदन, डॉ. भास्कर, डॉ. सुनील, डॉ. संजय, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. रोहित, डॉ. जीतेन्द्र, डॉ. विनीत मौर्य, डॉ अनिल शुक्ला, डॉ. सुभाष बोरा डॉ. विभीषण रॉय आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### बैठक आज

देहरादून। कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित के नेतृत्व में 25 अगस्त को कांग्रेस भवन में कांग्रेस सेवा दल की राज्य समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहेंगे।

# राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को सफाई कर्मियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।



राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने प्रदेश को साफ–सुथरा रखने के लिए इंदौर के मॉडल से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान में महिलाओं और बच्चों के माध्यम से जागरूकता पैदा एवं लोगों को स्वयं सफाई अभियान में भागीदार बनना होगा। राज्यपाल ने कहा कि सफाई कर्मी हमारे बेहद श्रद्धा और पूरे मनोयोग से कार्य करते हैं। उन्हें आधुनिक उपकरण के साथ–साथ टेक्नोलॉजी का प्रयोग किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए साथ ही उनकी समस्याओं का निरंतर समाधान किया जाना जरूरी है।

इस अवसर पर विनय प्रताप ने राज्यपाल से प्रदेश की निकायों में वर्षो से कार्यरत संविदा/मौहल्ला स्वच्छता समिति सफाई कार्मिकों के नियमितीकरण, उत्तराखण्ड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाए जाने और सफाई कर्मचारियों हेतु बीमा नीति फिर से चालू कराने तथा कर्मचारियों का बीमा 10 लाख किए जाने हेतु अनुरोध किया।

### चोरी के दो वाहनों के साथ आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के दो वाहन बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, नेहरू कॉलोनी थाना में विनोद पांडेय निवासी नेहरू कॉलोनी ने 13 अगस्त को तहरीर दी थी कि चोरों ने घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक को चोरी कर दिया। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक नहीं मिली। दूसरे मामले में कुंदन सिंह निवासी नेहरू कॉलोनी ने तहरीर दी कि उन्होंने अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी की थी, सुबह स्कूटी गायब मिली। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद पुलिस ने तरुण कुमार निवासी स्योहारा बिजनौर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने वाहन चोरी की वारदात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर हर्रावाला क्षेत्र से चोरी के दोनों वाहन बरामद हो गए हैं।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को दिया कठोर कार्यवाही का आश्वासन

### खंड शिक्षा अधिकारी ने किया राइंकॉ बग्याली का स्थलीय दौरा

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : राजकीय इंटर कॉलेज बग्याली में शिक्षिका से अभद्रता एवम अभिवाहकों के शिकायती पत्र के जांच के चरण में खंड शिक्षा अधिकारी गुंजन अमरोही ने शनिवार को जीआईसी बग्याली का स्थलीय दौरा किया। उन्होंने आरोपों से संबंधित दोनों पक्षों के गवाहों की शिकायत के आधार पर जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित कर दी है।

अभिभावकों के साथ वार्ता कर उन्होंने जानकारी दी की शिक्षिका से अभद्रता मामले में कठोर और दंडात्मक कार्यवाही की संस्तुति की गई है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति एवम अपुणु गौ मुल्क विकास समिति की विद्यालय संबंधी अनियमिताओं की जांच के बाद उन्होंने विद्यालय प्रशासन को उनमें सुधार के लिए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है।

अभिभावकों की शिकायत के बाद उन्होंने आरोपी शिक्षक को अग्रिम कार्यवाही तक खंड शिक्षा कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष सीमा धस्माना, प्रधानाचार्य अरविंद अरोड़ा, अपुणु गौ मुल्क विकास समिति के अध्यक्ष स्वरूप धस्माना, रमेश पसबोला, गोपाल रावत, सचिव प्रवेंद्र रावत सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

# डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुई आपत्तियों की सुनवाई



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार में नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्डों का नवीन परीसीमन के सम्बन्ध मे दावे / आपत्तियों की सुनवाई की गई। जनपद की विधानसभा, मसूरी, राजपुर, रायपुर, कैन्ट, धर्मपुर, डोईवाला, अन्तर्गत नगर निगम देहरादून के वार्डों का परीसीमन के सम्बन्ध में प्रकाशित सूचनाओं के क्रम में प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई की गई। नगर निगम के परीसमन के सम्बन्ध में लगभग 150 से अधिक आपत्तियां प्राप्त हुई थी, जिनपर सुनवाई की गई। माननीय विधायक कैन्ट सविता कपूर, राजपुर विधायक खजानदास, पूर्व विधायक राजकुमार, सहित निर्वतमान पार्षद एवं सम्बन्धित क्षेत्र के लोगों द्वारा परीसीमन के सम्बन्ध में आपत्ति रखी गईं। इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल सहित नगर निगम के कार्मिक उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड के पशु चिकित्सक लखनऊ में सम्मानित

देहरादून। भारतीय पशुचिकित्सा संघ की ओर से इंडियन वेटरनरी जर्नल के सौ वर्ष पूर्ण होने पर लखनऊ यूपी में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभर से आए उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशु चिकित्साधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसमें उत्तराखंड के पशु चिकित्साधिकारियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।

कार्यशाला में पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों और उनके निदान की नई तकनीकी ज्ञान पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ की ओर से उत्तराखंड में विशिष्ट कार्यों के लिए डॉ. आरएस नेगी, मुख्य अधिशासी अधिकारी, यूएलडीबी और डॉ. आशुतोष जोशी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, टिहरी गढ़वाल को सम्मानित किया गया। कार्यशाला वेटिको क्विज ऑफ इंडिया प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से विभिन्न राज्यों की 32 महिला पशुचिकित्साविदों ने प्रतिभाग किया।

# नेकां से गठबंधन से कांग्रेस का चेहरा हुआ बेनकाबः धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने शनिवार को मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कहा कि जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन के बाद कांग्रेस पार्टी का चेहरा पूरे देश के सामने बेनकाब हो चुका है। इससे साफ हो चुका है कि कांग्रेस का आतंकवाद और अलगाववाद को समर्थन है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के चुनाव में जिस प्रकार से कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस पार्टी ने आपस में गठबंधन किया है वो एक तरह से वहां की के साथ धोखा है और कांग्रेस पार्टी पूरे देश के सामने बेनकाब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद और जिहाद को पोषित किया है, कांग्रेस के इरादे जनता के सामने साफ हो गए हैं कि वह नेकां से गठबंधन करके जम्मू कश्मीर को हिंसा की आग में झोंकना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता के लालच में अराजकता, आतंकवाद, अलगाववाद और जिहादियों को समर्थन कर रही है। यहां तक कि जम्मू कश्मीर में दलितों, गुज्जरों, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों को मिलने वाले आरक्षण का विरोध कर रही है।

**उत्तराखंड के वीरों की भूमिका रही है अहम**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि जम्मू कश्मीर की धरती को बचाने के लिए उत्तराखंड के वीरों की भूमिका अहम रही है। उत्तराखंड के सैकड़ों वीर जवानों ने अपने देश की माटी के रक्षा की खातिर वहां शहादतें दी हैं। अब जब वीर जवानों के बलिदानों की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में शांति बहाल हो चुकी है तो कांग्रेस फिर से वहां अशांति फैलाने की साजिश में जुट गई है।

धामी ने कांग्रेस से पूछे 10 सवाल

मुख्यमंत्री धामी ने कांग्रेस पर कड़े प्रहार करते हुए 10 पूछे हैं। कहा कि क्या कांग्रेस जम्मू कश्मीर में अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है। क्या नेशनल कांफ्रेंस के वहां से धारा 370 और आर्टिकल 35ए को वापस लेने का समर्थन करती है। कांग्रेस क्या कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करेगी। उन्होंने इसी तरह से कांग्रेस से अन्य सवाल भी पूछे हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी कमठान की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक आहूत

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में विकासभवन सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गयी गई। समीक्षा बैठक के पश्चात् 20–सूत्री कार्यक्रम की नव निर्मित वेबसाइट से सम्बन्धित डाटा फीडिंग का हैंडस मैन प्रशिक्षण समस्त 20–सूत्रों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने 20 सूत्रीय कार्यक्रम की माह जुलाई 2024 तक की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान 30 मदें ए श्रेणी में रही तथा 5 मदें बी श्रेणी, 3 मदें सी श्रेणी तथा 07 मदे डी श्रेणी में रही। डी श्रेणी वाली मदों में पीएमजीएसवाई एवं राजकीय सिंचाई की प्रगति न्यून होने के फलस्वरूप स्पष्टीकरण तलब किया गया। इसी प्रकार प्रगति का सत्यापन न किये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों का भी स्पष्टीकरण तलब किया गया। समीक्षा बैठक उपरान्त शोध अधिकारी बीस सूत्रीय कार्यक्रम जे.सी चंदोला द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को नव निर्मित वेबसाईट का प्रशिक्षण भी दिया गया।



उन्होंने निर्देशित किया जो जिन विभागों की मदे बी,सी, एवं डी श्रेणी में है वे अपनी स्थिति में सुधार करते हुए ए श्रेणी में आने हेतु कार्य करें। बैठक में निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत गिरि, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल, अपर संख्या अधिकारी प्रकाश सिंह भण्डारी एवं धीरज गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास जितेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# मालदेवता में आपदा प्रभावितों से मिले मंत्री जोशी

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा के आपदा प्रभावित मालदेवता और शेरकी का दौरा किया। उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात की और उनको तात्कालिक सहायता राशि के चेक भी बांटे। मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को लेकर अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर नंगे पैर पानी में उतरे और स्थिति का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को स्थिति सामान्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को शेरकी में नाले का चौड़ीकरण करने के लिए आगणन बनाने के निर्देश दिए। कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है, उनका शीघ्र ज्वाइंट सर्वे कर मुआवजा दिया जाए। मंत्री जोशी ने आपदा की घटनाओं से निपटने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाने के भी निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण जिनका अधिक नुकसान हुआ है, उनके दोबारा आंकलन करने के राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए गए है। मंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, बीडीसी बालम सिंह बिष्ट, सिंचाई विभाग के ईई डीसी उनियाल, लोक निर्माण विभाग ईई जितेंद्र त्रिपाठी, पीएमजीएसवाई के ईई संजीव श्रीवास्तव, जलनिगम के ईई संजीव वर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी डीएस रावत, मुख्य उद्यान अधिकारी एमपी शाही, तहसीलदार विवेक राजौरी आदि मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com